श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा
(सम्बद्ध–माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर)

दिनांकः नवम्बर 25, 2026

सूचना

समस्त विभाग प्रभारियों एवं प्राध्यापकों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की अंग्रेजी भाषा में संवाद क्षमता, व्यावहारिक संप्रेषण कौशल एवं रोजगारपरक दक्षताओं के विकास हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा Wadhwani AI एवं Athena Infonomics के सहयोग से एक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के व्यावहारिक प्रयोग, प्रभावी एवं आत्मविश्वासपूर्ण संवाद तथा वर्तमान रोजगार बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप संप्रेषण कौशल में दक्ष बनाना है।

सभी छात्र-छात्राएँ निम्नलिखित वेबसाइट पर जाकर विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए बैच कोड का उपयोग करते हुए 6 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण पूरा कर सकते हैं।

वेबसाइट: https://spokenenglish.wadhwaniai.org

प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर विद्यार्थियों को Google द्वारा प्रमाणित ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

अतः समस्त प्राध्यापकों से अनुरोध है कि वे कार्यक्रम के प्रभारी श्री विवेक प्रताप सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने विभागों के विद्यार्थियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से सहभागिता हेतु प्रेरित करें तथा उन्हें शीघ्रता से प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित करें।

(प्रो0 जितेन्द्र सिंह)
प्राचार्य

(विवेक प्रताप सिंह)
कार्यक्रम प्रभारी